हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

11 शहीद दिवस पर प्रशासन ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



12 नियमित रूप से कक्षाएं नहीं लगी तो कार्रवाई तय



## खबर संक्षेप

### पहला विशाल कुश्ती दंगल 2 को नियाणा में

**हिसार।** बसंत पंचमी एवं चौधरी छोटूराम जयंती के उपलक्ष्य में बाबा शरणा नाथ जी पहला विशाल कुश्ती दंगल 2 फरवरी को गांव नियाणा के शहीद बलजीत सिंह सहरावत गवर्नमेंट स्कूल में होगा। कार्यक्रम के अनुसार पहला विशाल कुश्ती दंगल लड़कों व लड़कियों का होगा। पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग व विश्व हिंदू महासंघ के हरियाणा प्रभारी समाज सेवी हरीश वर्मा उपस्थित होंगे।

### ब्रह्मपुरी तीर्थ में बसंत पंचमी कार्यक्रम 2 को

**हिसार।** शांति नगर स्थित परमहंस योग दरबार ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल में 2 फरवरी को बसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। 31 जनवरी को प्रातः 6 बजे कुटिया मोक्षद्वार, डोगरान मौहल्ला में नौ रामायणों के पाठ रखे जाएंगे। 31 जनवरी व पहली फरवरी को प्रातः 6 से 7:30 बजे तक व सायं 3:30 बजे से 5:30 बजे तक रामायण शिक्षा प्रवाह व सत्संग समागम होगा। 2 फरवरी को कुटिया मोक्षद्वार से प्रातः 6 बजे शांति नगर स्थित ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### संतोषी आश्रम में लक्ष्मी महायज्ञ की तैयारियां शुरू

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में गोपाष्टमी एवं देव उठनी ग्यारस के शुभावसर पर आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संयोजक राजमल काजल व प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि महायज्ञ में अधिक से अधिक श्रद्धालु भाग ले सकें इसके लिए वर्तमान यज्ञशाला का विस्तार किया जा रहा है। यह महायज्ञ तीर्थराज हरिद्वार के 51 वैदिक विद्वानों द्वारा संपन्न करवाया जाएगा। संतोषी माता के मुखारविंद से 28 अक्तूबर से 5 नवंबर तक श्रीमद् देवी भागवत कथा भी होगी।

### कन्या गुरुकुल डोभी का वार्षिक महोत्सव 15 से

**हिसार।** डोभी स्थित कन्या गुरुकुल का वार्षिक महोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुरुकुल के कुलपति बलजीत सिंह आर्य ने बताया कि 15 व 16 फरवरी को गुरुकुल में वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गुरुकुल के बच्चों द्वारा रोचक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जो विशेष आकर्षण होंगी।

### संघ ने लाला लाजपतराय को किया नमन

**हिसार।** लाला लाजपत राय की जयंती पर अखिल भारतीय सेवा संघ के सभी सदस्यों ने नागोरी गेट चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मिठाई बांटकर नमन किया। प्रधान सुमित मित्तल, सचिव संजीव राजपाल, कोषाध्यक्ष सुशील गोयल, प्रदेश सचिव संदीप भाटिया व कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, जतिन वधवा, विनोद वर्मा, गौरव कटारिया, पवन गोयल, गोपाल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल मौजूद रहे।

### एचएसवीपी ने पीएलए मार्केट से हटवाई रेहड़ियां, लाचार नजर आए भाजपाई

# बुल्डोजर के साथ भाजपा नेता का खोखा हटाने पहुंचा सरकारी अमला

डीसी ने दिए थे आदेश बुल्डोजर के साथ आए अमले ने दिया समय तो खुद कब्जा हटाने में ही समझी अपनी भलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** गाड़ी में बैठे अधिकारियों से बातचीत करते भाजपा नेता वैभव बिदानी।



**हिसार।** अतिक्रमण हटाने के लिए बुल्डोजर लेकर पहुंची एचएसवीपी टीम।

पीएलए मार्केट में फुटपाथ पर लगाई गई दुकानों व खोखों की शिकायत पर कार्रवाई के उपायुक्त के आदेशों के बाद एचएसवीपी की टीम ने अवैध कब्जे हटवाए। इस दौरान टीम ने अधिकतर खोखों का सामान जब्त कर लिया वहीं अनेक खोखों व रेहड़ियों को दोबारा यहां न लगवाने की चेतावनी के बाद पीएलए मार्केट को अवैध कब्जा मुक्त करवाया। एचएसवीपी की टीम ने पीएलए मार्केट में एक भाजपा नेता द्वारा लगाई जा रही चाय की रेहड़ी व खोखे को हटा दिया। उक्त नेता व उसके समर्थन में पहुंचे भाजपा के अन्य नेताओं की भी टीम ने नहीं सुनीं और उन्हें उपायुक्त से बात करने को कहा।

सीएम विंडो की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए डीसी अनीश यादव ने एचएसवीपी को पीएलए मार्केट में अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद गुरुवार को उस समय बवाल हो गया जब भाजपा अर्बन मंडल के उपाध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रमुख शंकर गोस्वामी की अस्थाई दुकान हटाने के लिए बुल्डोजर पहुंचा। बुल्डोजर को आया देखकर शंकर गोस्वामी ने पार्टी के पदाधिकारियों को फोन किए, उनके फोन के बाद भाजपा जिला सचिव वैभव बिदानी मौके पर पहुंचे और कब्जे हटवाने आए एसडीओ को यह कार्रवाई रोकने को कहा। इसके बावजूद उक्त अधिकारी नहीं माने और कहा कि वे उपायुक्त के आदेशों पर कार्रवाई कर रहे हैं, कार्रवाई रूकवानी है तो उन्हें उपायुक्त से बात करनी होगी, वे अपने स्तर पर कुछ नहीं कर सकते। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि यदि दुकानदार अपनी अस्थाई दुकान को खुद हटाता है तो ठीक, अन्यथा उस पर बुल्डोजर चल जाएगा। जब कब्जे हटाने आई टीम के सामने दूसरे भाजपा नेता असहाय दिखाई दिए तो शंकर गोस्वामी ने अपनी अस्थाई दुकान को वहां से हटाने में ही भलाई समझी।

#### कार्रवाई रोकने का प्रयास

कब्जा हटवाने आए एचएसवीपी के एसडीओ सर्वे रामप्रसाद ने कहा कि डीसी के आदेश पर कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता वैभव बिदानी ने कार्रवाई रूकवाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। डीसी ने सभी कब्जे हटवाने के आदेश दिए हैं।



चाय के खोखे के हटाते भाजपा नेता व परिजन

#### वर्षों से चल रही दुकान

कब्बा हटाने की कार्रवाई के दौरान भाजपा नेता शंकर गोस्वामी ने कहा कि एचएसवीपी की टीम किसी शिकायत पर कार्रवाई कर रही है। यदि शिकायत होगी तो कार्रवाई होगी लेकिन खास बात यह है कि उनके या रेहड़ी वालों के काम से किसी को क्या तकलीफ हो सकती है। वे खुद वर्षों से यहां दुकान चला रहे हैं, कभी किसी को परेशानी नहीं हुई लेकिन अब पता नहीं क्या परेशानी आ गई।

#### नुकसान न हो, हमने काम नहीं रूकवाया

एचएसवीपी की कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचे भाजपा नेता वैभव बिदानी ने कहा कि हमने काम नहीं रूकवाया। उन्होंने एसडीओ से केवल इतना कहा है कि किसी के सामान की तोड़तोड़ न की जाए, गरीबों का नुकसान हो जाएगा।

#### सीएम विंडो पर की गई शिकायत

पीएलए मार्केट में फुटपाथ रोकने व अन्य अवैध कब्जों की शिकायत अनिल महला नाम के व्यक्ति ने सीएम विंडो पर कर रखी है। सीएम विंडो पर कार्रवाई चल ही रही थी कि एक दिन शिकायतकर्ता समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष जा खड़ा हुआ। उसने उपायुक्त से शिकायत की कि एचएसवीपी ने रेहड़ियां तो हटवाई है लेकिन भाजपा नेता की दुकान को ज्यों की त्यों है। इसके बाद उपायुक्त ने एचएसवीपी को ये रेहड़ियां व अन्य अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए।

## यश मौत मामला: भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ मृतक के दादा की शिकायत पर दर्ज किया केस

शहर पुलिस ने भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप भानखड़ पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले के अनुसार एक युवक की मारपीट के बाद मौत के बाद प्रदीप भानखड़ ने परिजनों को भड़काकर जबरन उसका पोस्टमॉर्टम नहीं कराने दिया। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रोड जाम करवा दिया और अगले दिन फिर जुलूस निकाला। आरोप है कि जब मृतक युवक के परिजनों ने विरोध किया तो उन्हें भी धमकी दी और मारपीट की। रिश्ते में मृतक के दादा एवं रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर पातन निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने पुलिस ने भानखड़ पर जान से मारने की धमकी देने, हिंसा के लिए इकट्ठा होने, रास्ता रोकने और रोड जाम कर बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है।



## सभी कर्मचारी एकजुट होकर करें निजीकरण का विरोध: जरनैल

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की सिंचाई विभाग ब्रांच के संगठन कार्यालय का उद्घाटन राज्य प्रधान जयपाल गुड्डा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने की जबकि संचालन दीपक मेहरा ने किया।

राज्य महासचिव जरनैल सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने गुरुवार को अपने संबोधन में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हरियाणा में अलग से आठवें वेतन आयोग का गठन करने तथा ग्रुप डी के कॉमन कैडर के नुकसान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कर्मचारियों को जागरूक किया। कर्मचारियों से एकजुट होकर विभागों को बचाने तथा निजीकरण का विरोध करें।

इस मौके पर राज्य प्रधान जयपाल गुड्डा, राज्य महासचिव जरनैल सिंह, मुख्य संगठनकर्ता गंगाराम मौण, ऑडिटर संदीप सोरखी, सह सचिव संदीप पूनिया, कार्यकारी अभियंता लोकपाल जागलान, सर्व कर्मचारी संघ हिसार के जिला सचिव राजेश बागड़ी, यूनियन के जिला चेयरमैन नरेश गौतम, प्रधान ओमप्रकाश माल, सचिव दीपक मेहरा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सह सचिव राजेश शर्मा, संगठन सचिव रामू शर्मा, सतीश दनोदा मौजूद रहे।

## पानी विवाद: पंघाल गांव में पड़ोसी ने किसान को मारी गोली, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ नाले की सफाई के दौरान मारी गोली, हिसार रेफर

बरवाला क्षेत्र के गांव पंघाल में एक किसान पर उसके पड़ोसी ने गोली चला दी। गोलियां उसके पैर व आंत में लगी है। फायर करने के बाद आरोपी फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पंघाल गांव में गुरुवार को किसान अपने खेत व नाले की सफाई कर रहा था। इसी दौरान उसके पड़ोसी बलवान ने उस पर गोली चला दी, जो उसके पैर व आंत में लगी। उसे तुरंत बरवाला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हिसार रैफर कर दिया गया। फिलहाल वह हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती है। परिजनों ने बताया कि दिनेश दो बच्चों का पिता हैं। शुक्रवार को उसकी नहरी पानी की बारी है, इसलिए वह आज सुबह से खेत में नाली की मरम्मत व सफाई में लगा था। उसके भाई कृष्ण के अनुसार आरोपी बलवान और दिनेश के बीच पहले भी खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद हुआ था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर मौके से फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## 14 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना सदर पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणा खुर्द निवासी विकास के रूप में हुई है। प्रवक्ता कुलदीप सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने पिछले साल ढाणा खुर्द निवासी कमल को भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र दिल्ली में नौकरी लगवाने के नाम पर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

## तहसीलदार ने पतंग बेचने वालों की दुकानें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उप मंडल प्रशासन द्वारा शहर में चाइनीज डोर की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने और इसके उपयोग से होने वाले गंभीर परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार को एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान ने किया। अभियान के दौरान उन्होंने पतंग बेचने वाले दुकानदारों के प्रतिष्ठान की जांच करते हुए दुकानदारों और आम नागरिकों को चाइनीज डोर के उपयोग से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से समझाया।



**हांसी।** पतंग व मांझा बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रखे मांझे (डोर) की जांच करते तहसीलदार अनिल कुमार।

उन्होंने कहा कि चाइनीज डोर, जो पतंग उड़ाने के दौरान इस्तेमाल किया जाता है, मानव जीवन और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। यह डोर न केवल पक्षियों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि इसके कारण कई बार बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से दुर्घटनाएं भी होती हैं। सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने इसके उपयोग और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। प्रशासन ने इस प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने और लोगों को जागरूक करने को यह अभियान शुरू किया है।

तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों से संपर्क किया गया और उन्हें चाइनीज डोर की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने दुकानदारों को चाइनीज डोर के खतरों के बारे में विस्तार से बताया।

## शॉर्ट सर्किट से दिव्यांग की दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना



■ पत्नी रहती है बीमार दुकान से चल रहा था घर का गुजारा

दौलतपुर गांव में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग से हजारों का नुकसान हो गया। दुकान संचालक दिव्यांग राजवीर सिंह है और आग की इस घटना ने उसके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा कर दिया है। उसने प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। दौलतपुर गांव में बुधवार देर रात को दिव्यांग व्यक्ति की दुकान में आग लग गई। तीन बेटियों के पिता राजवीर सिंह की पत्नी बीमार रहती हैं और वह अपनी दुकान में फोटो स्टेट, मोबाइल रिपेयरिंग, परचून और सिलाई का काम करता था। गुरुवार सुबह उसने दुकान से धुआं निकलते देखा। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग ने उनकी दुकान में रखा सारा सामान जलाकर राख कर दिया है।

आग लगने से दुकान की छत में लगे पत्थर भी टूटकर नीचे गिर गए। दुकान में रखे मोबाइल, फोटो स्टेट मशीन, फ्रिज, कूलर, परचून का सामान, सिलाई मशीन और कपड़े सहित लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। दिव्यांग व्यक्ति की रोजी-रोटी छीन ली है। राजवीर सिंह ने सरकार से मुआवजे की मांग की है, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और अपना व्यवसाय फिर से शुरू कर सकें।

## फर्जी मेडिकल बिलों का मामला: निगम का डाटा एंट्री ऑपरेटर धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ जोनी सहित तीन कर्मचारी हो चुके हैं सस्पेंड

सिविल लाइन पुलिस ने नगर निगम में फर्जी मेडिकल बिलों के नाम पर हुए लाखों के घोटाले के मामले में मुख्य आरोपी नगर निगम के डाटा एंट्री ऑपरेटर जोनी को गिरफ्तार कर लिया है। जोनी व उसके दो साथी कर्मचारी पहले ही सस्पेंड किए जा चुके हैं। मामले के अनुसार नगर निगम में सफाई कर्मचारी दलविंद्र की तरफ से दिए गए फर्जी मेडिकल बिल के पास होने से पहले पकड़ में आने के बाद इस फर्जीवाड़े की जांच शुरू हुई थी। जांच में पता चला कि अब तक 8 फर्जी मेडिकल बिल पास भी हो चुके हैं। जिनमें सुनील बेलदार, सुनील माली, सफाई कर्मचारी वेदप्रकाश, बलवंत, रमेश, मुरारी, ईश्वर व सुभाष का नाम शामिल है। बाद में सभी कर्मचारियों ने पास करवाए गए मेडिकल बिलों की राशि लौटा दी, जो 17 लाख रुपये से अधिक है। डाटा एंट्री ऑपेटर जोनी, एसआई सुरेंद्र व बेलदार सुनील को सस्पेंड किया था। शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने गत वर्ष आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## हांसी-आदमपुर सहित 7 स्टेशनों का पुनर्विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




■ बीकानेर मंडल में अमृत भारत योजना के तहत 15 स्टेशनों के पुर्नविकास का चल रहा काम: कैप्टन शशि

बीकानेर रेल मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 15 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य हो रहा है। इनमें से कुछ स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा होने वाला है जबकि शेष स्टेशनों का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इन 15 स्टेशनों के लावा हाल ही में 7 स्टेशनों पर भी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शीघ्र ही पुनर्विकास का कार्य शुरू होगा। इनमें लोहारू, मंडी आदमपुर, रायसिंहनगर, हांसी, कालांवाली, भट्टू व अनूपगढ शामिल हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने एक जानकारी में बताया कि इन स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य के लिए टेंडर राशि स्वीकृत हो चुकी है Iअमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों पर स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स के कार्य होंगे। पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया जाएगा।

### रोक बेअसर: गलियों व बाजारों में धड़ल्ले से बिक रही चाइनीज डोर

# बिक्री रोकने को 11 साल से लड़ रहा भप्पी चायवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चाइनीज डोर की बिक्री रोकने के लिए समाजसेवी अमित कुमार जैन उर्फ भप्पी चायवाला पिछले 11 साल से जंग लड़ रहे हैं। भप्पी का मानना है कि चाइनीज डोर जोकि पक्षियों सहित आम लोगों की जान के लिए खतरा है। आसमान में उड़ती पतंगों के काटने की होड़ मे बेजुबान पक्षियों और इंसानों की जिंदगी की डोर काटने में सक्षम चाइनीज डोर के इस्तेमाल, बिक्री व स्टाक करने पर प्रतिबंध है। रोक के बाबजूद हांसी शहर की गलियों और बाजारों में चाइनीज डोर की खरीद-फरोख्त धड़ल्ले से जारी है।

बसंत पंचमी पर बच्चों और युवाओं मे पतंग उड़ाने का काफी उत्साह देखने को मिला है। जैसे-जैसे बसंत पंचमी का त्योहार नजदीक आ रहा है। आसमान में चाइनीज डोर जोकि आसमान में उड़ान भरने वाले बेजुबान पक्षियों और मनुष्य की जिंदगी की डोर काट रही चाइनीज डोर से पतंगें उड़ाई जाती है। हांसी की लाल सड़क, रामपुरा स्कूल के सामने कन्फेक्शनरी की दुकानों पर, फीका पीर चौक, शहीद भगत सिंह पार्क के पास, दिल्ली गेट, लाल सड़क व शहर की गलियों और बाजारों में रोक के बावजूद भी चाइनीज डोर की बिक्री जारी है।



■ चाइनीज डोर पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए चले जागरूकता अभियान

**हांसी।** अमित जैन उर्फ भप्पी चाय वाला।

### पुलिस व प्रशासन की नाक की नीचे बिक्री

भप्पी जैन ने बताया कि चाइनीज डोर को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) व सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2017 से चाइनीज डोर के प्रयोग, स्टाक, भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन चाइनीज डोर की बिक्री पर रोक के बावजूद भी हांसी शहर की गलियों, सड़कों और बाजारों में पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से चाइनीज डोर बिक्री की जा रही है। जबकि चाइनीज डोर पर्यावरण, मनुष्य और आसमान में उड़ान भरने वाले बेजुबान पक्षियों पर भारी है। भप्पी ने बताया कि बसंत पंचमी पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों ने भारी मात्रा में चाइनीज डोर का भारी मात्रा में स्टाक एवं भंडारण किया हुआ है।

### प्रशासन को जागरूक करने की जरूरत

भप्पी ने प्रशासन से मांग की कि पतंग का काम करने वालों को जागरूक करके उनकी दुकानों पर एक बोर्ड/होर्डिंग्स, बैनर या पोस्टर लगाकर यह सुनिश्चित किया जाएं कि चाइनीज डोर बेचना व खरीदना कानूनी अपराध है। चाइनीज डोर मांग कर शर्मिन्दा न करें हमारे यहां सूती धागे वाली डोर मिलती है। प्रशासन और कोर्ट के निर्देशानुसार चाईनीज डोर पर कानून प्रतिबंध है चाइनीज डोर की शिकायत के लिए प्रशासन द्वारा मोबाईल नंबर लिखवाया जाना चाहिए ताकि चाइनीज डोर की बिक्री रोकने के लिए प्रशासन को लोगों का सहयोग मिल सके। भप्पी ने कहां चाईनीज डोर की बिक्री रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए शहर में मुनादी करवाई जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### गुरु बिन ज्ञान नहीं होने का चाहे, पढ़ लो वेद पुराण

**हिसार।** निकटवर्ती गांव खरड़ में स्थित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़ अलीपुर धाम हिसार सद्गुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के समाधि स्थल पर गुरुवार उनके 10वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने प्रवचन करते हुए बताया कि हमें सांस सांस में नाम जपना चाहिए क्योंकि प्रभु नाम ही विषय विकारों से बचाकर हमें निर्भय आनंद की प्राप्ति दिला सकते हैं। कबीर साहेब हमें बताते हैं कि गुरु बिन माला फेरते, गुरु बिन देते दान। गुरु बिन दान हराम है, जा पूछो वेद पुराण। आपने किसी से भी नाम ले रखा है, उसी नाम का सिमरन करते रहे। गुरु बिन ज्ञान नहीं होने का, चाहे पढ़ लो वेद पुराण। गुरु मिल जाए निज देश के तो, हो जाए कल्याण।

### गहने छीनने के मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना में एक ज्वैलर्स को पिस्तौल दिखाकर उससे गहनों वाला बैग छीनकर फरार होने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक को अदालत में पेश कर जुवेनाइल होम भेजा गया है। भूना थाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 सितम्बर 2022 को गांव नाढोडी हाल ठाकर बस्ती फतेहाबाद निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### ट्रक और बाइक में टक्कर, युवक की मौत

**फतेहाबाद।** शहर के भूना रोड तिराहे पर वीरवार को हुए दर्दनाक सडक़ हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस हादसे में बाईक सवार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान हरिपुरा निवासी संदीप के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं घायल युवक का सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### जिला कार्यालय में रोजगार मेला आज

**सिरसा।** जिला रोजगार कार्यालय में 31 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि इस मेले में रिलेशनशिप मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर और वेलनेस एडवाइजर के पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। भर्ती के लिए आवेदकों के पास नियमित मोड में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, जहां रिलेशनशिप मैनेजर के लिए अधिकतम आयु 26 वर्ष और असिस्टेंट मैनेजर के लिए 21 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड सिरसा में वेलनेस एडवाइजर पद हेतु 10वीं, 12वीं या स्नातक योग्यता होगी।

## जिलेभर में राष्ट्रपिता का बलिदान दिवस बड़े ही सम्मान के साथ मनाया गया, जगह-जगह हुए देशभक्ति के कार्यक्रम

# सत्य और अहिंसा के पुजारी थे महात्मा गांधीः बजरंग गर्ग



**हिसार।** संबोधित करते कांग्रेस के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग।

### हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बापू महात्मा गांधी का बलिदान दिवस हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में मनाया गया।

इस अवसर पर जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बापू महात्मा गांधी जी शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुखबीर डूडी, सुभाष वर्मा, अमर गुप्ता, गायत्री यादव, सुरेश पंघाल, वीरेंद्र कुमार लितानी, आशीष कुमार शीला, अनूप सिंह सरसाना, नरेश मलिक, हरफूल भाटी, विक्टर डेविड, राहुल गर्ग, कैलाश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### होली चाइल्ड स्कूल में शहीद दिवस पर बापू को किया याद

*हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रपिता बापू की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि बापू ने अपने अडिग संकल्प और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाई। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।*

### शहीदों की याद में रखा दो मिनट का मौन

**हिसार।** स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों की याद में जिला पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। इस मौके पर सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### राजकीय महिला कॉलेज में किया नमन

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियो द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सतबीर सांगा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमे देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए।



### शहीदों की याद में दो मिनट का मौन

**हिसार।** फव्वारा चौक स्थित एडीजीपी कार्यालय, हिसार मंडल में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सामूहिक रूप से अमर शहीदों की वीरता व देश प्रेम बारे चर्चा उपरान्त उनकी याद में 02 मिनट का मौन रख उन्हे श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एडीजीपी कार्यालय के उप जिला न्यायवादी सुनील कुमार, सेक्शन ऑफिसर संजय, कार्यालय के प्रवक्ता सज्जन कुमार, प्रवाचक गोकुल, कल्याण निरीक्षक रामानंद, उप निरीक्षक धर्मपाल, साइबर शाखा प्रभारी सुशील कुमार, आशुलिपिक सुभाष चन्द्र, शिकायत शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक मांगेराम, लक्ष्मीकांत, प्रदीप कुमार, दिनेश, सुखबीर, मनोहर लाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को किया याद

**हांसी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि इस दिन उन सभी शहीदों को याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।



### नगर निगम में मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीदों को स्मरण किया। अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि देश की एकता, अखंडता के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

# शहीद दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- शहीदों ने हमारे देश की आजादी और सम्मान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** शहीद दिवस के अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को नमन करते उपायुक्त अनीश यादव व अन्य अधिकारी।

स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपायुक्त अनीश यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीएसपी हांसी संजय, डीएसपी हिसार कमलजीत सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपायुक्त अनीश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों ने हमारे देश की आजादी और सम्मान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि शहीद दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमें उन वीरों की याद दिलाता है, जिन्होंने हमें आजादी का मूल्य समझाया। शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना और उनके सपनों को साकार करना हम सभी का कर्तव्य है।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया महात्मा गांधी का बलिदान दिवस

- शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने बापू के बलिदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य।

शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने गुरुवार को शहीद मदनलाल ढींगरा पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा व उल्लास के साथ बलिदान दिवस मनाया गया। समिति के प्रधान सरदार कृष्णा इलाहाबादी ने बताया कि इस अवसर पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया व इसके साथ ही महाकुंभ में जो हादसे के दौरान श्रद्धालु मारे गए उनके लिए भी 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर किशोरी नागपाल, हरमेश खुराना, अजय भारद्वाज, रमेश ठकराल, फतेह सिंह, लीलू फौजी, रवि गुर्जर, कर्मवीर पुट्टी, रामस्वरूप खट्टर, मुन्ना, सनी नायक, राधेश्याम, रामअवतार सुलचानी आदि मौजूद थे।

# धर्म के मार्ग पर चले मानवः स्वामी

- गांव सीसवाल में गो सेवार्थ विराट श्री जम्भाणी हरिकथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी आदमपुर





**मंडी आदमपुर।** हरिकथा के दौरान प्रवचन करते राजेंद्रानंद महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।

श्री गुरु जंभेश्वर महाराज ने बिश्नोई समाज को जो 29 नियमों की आचार संहिता दी थी, वह बिश्नोई समाज ही नहीं बल्कि मानव मात्र के लिए कल्याणकारी है। यह बात गांव सीसवाल में गो सेवार्थ विराट श्री जम्भाणी हरिकथा में स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने समाज में व्याप्त नशा प्रवृत्ति आदि कुरीतियों पर चिंता जताते हुए कही। भगवान जांभोजी की वाणी का उदाहरण देते हुए राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मंदिर दोजख छोड़ यदि भिस्त की इच्छा रखते हो तो मेरी बात को अच्छी तरह से जीवन में क्रियान्वित करो। मानव जीवन का आधार धर्म होना चाहिए। धर्म से ही धन व कामना की सिद्धि होती है। जिस तरह से परछाई शरीर से अलग नहीं हो सकती, ठीक इस तरह से धन और कामना, धन की परछाई की तरह साथ चलते है। यदि आपने धर्म को छोड़ धन व कामनाओं को जीवन में स्थान दिया है, तो यह धन तुम्हारा दुश्मन बन जाएगा। तुम स्वयं के साथ स्वयं अन्याय कर बैठोगे और जान न पाओंगे। उन्होंने कहा कि जरा ठंडे दिमाग से विचार किजिए जो व्यक्ति प्रतिदिन चाय, बीड़ी, शराब आदि लेता है, क्या वह स्वयं को कम दंड दे रहा है। लेकिन पापी जीव को समझ में नही आता क्योंकि जब पुण्य कमजोर होता है तो मन सक्रिय हो जाता है।

# भक्तमाल कथा व हरि नाम संकीर्तन कल से

- रोजाना अलग-अलग नामी भजन गायक देंगे भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




**हिसार।** अग्रसेन भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ललित अग्रवाल, रमेश गोयल, अंजनी खारियावाला व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

गोविन्द की गली परिवार श्रीधाम वृंदावन एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार की ओर से प्रसिद्ध भजन गायक विनोद अग्रवाल की पावन स्मृति में एक से 9 फरवरी तक अग्रसेन भवन में भक्तमाल कथा एवं हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। देश भर के विभिन्न शहरों से असंख्य श्रद्धालु भाग लेंगे।

संस्था से जुड़े सेवादारों ललित अग्रवाल, रमेश गोयल, वीरचंद्र दास, रविकांत, विक्रम वालिया व अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता ने बताया कि पहली बार विशाल स्तर पर होने वाली भक्तमाल कथा में कथा व्यास के रुप में श्रीवृंदावन धाम से गौरदास महाराज सायंकाल 3 से 6 बजे तक प्रवचन देंगे। सभी दिनों में रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक हरि नाम संकीर्तन होगा जिसमें रोजाना अलग-अलग भजन गायक भजनों की वर्षा करेंगे। इनमें पहली फरवरी को स्वामी चंद्र देव महाराज व साध्वी सुजाता भजनों की वर्षा करेंगे। इसी तरह 2 फरवरी को राहुल चौधरी, 3 फरवरी को कृष्ण भुटानी, 4 फरवरी को धीरज बावरा, 5 फरवरी को निकुंज कामरा व आरुषि गंभीर, 6 फरवरी को जतिन विनोद अग्रवाल, 7 फरवरी को राजीव शास्त्री, 8 फरवरी को महावीर शर्मा व 9 फरवरी को दिव्य दास एवं डॉ. मोहन तनेजा भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कथा होगी तथा इस दिन सायंकाल 4 से 7 बजे तक संकीर्तन होगा तत्पश्चात भंडारा चलाया जाएगा।

# पुस्तके जीवन में बड़ी ज्ञानवर्धक

- खेड़ी चोपटा का किसान पुस्तकालय युवाओं के लिए बना प्रेरणादायक : सुरेश ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



**नारनौंद।** लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए सुरेश ढांडा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

खेडी.चौपटा स्थित जय जवान जय किसान लाइब्रेरी आसपास के गांवों के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बन रही है। यह बात रिटायर्ड डिप्टी डीईओ राजबीर श्योराण व रिटायर्ड प्रिंसीपल सुरेश ढाण्डा ने कही। खेडी जालब में समाजसेवी महेन्द्रसिंह चोपडा.द्वारा लाखों रुपये खर्च करके लाइब्रेरी बनाई गई है। इस लाइब्रेरी में सैकड़ों विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें हैं। जिससे आसपास के लगभग 12 गांवों के युवा पढाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इसके साथ-साथ यहां अमर शहीदों एवं महापुरूषों के लगे चित्रों से युवा देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा भी पाते हैं। गांव कापडो.की बेटी बारहवीं पास तन्नू, गैबीनगर के 25 वर्षीय सुमित व 22 वर्षीय अमित, दीपक, सोनम, अजय, अमन, पवन, शमशेर व अन्य युवाओं का कहना है कि इस लाइब्रेरी में काफी सुविधाएं है। क्षेत्र के सैकड़ो युवा इसका लाभ उठाकर यहां पर तैयारी कर रहे हैं। काफी युवा इस लाइब्रेरी से तैयारी करके सरकारी नौकरियों पा चुके हैं। इस लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए उन्हें फ्री पुस्तकें नजदीक व घर द्वार पर ही मिल जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी से आसपास के दर्जनभर गांवों के युवाओं को इसका फायदा मिल रहा है। पहले उन्हें उचाना, नारनौंद, जींद या दूर शहरों में जाना पड़ता था और फीस भी देनी पड़ती थी।

## हर घर में गोमाता का दूध व पंचगव्य की औषधियां होनी चाहिए : चंद्रकांत

# मोहनलाल लाहौरिया का जीवन प्रेरणादायीः गंगवा

- गोसंवर्धन व गोसंरक्षण से घर-घर की रौनक बनेगी गोमाता
- गोसंवर्धन, गोसंरक्षण व गोजागरण के संकल्प के साथ दो दिवसीय गोकथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार





**हिसार।** स्वर्गीय मोहनलाल लाहौरिया की स्मृति में गोकथा करते चंद्रकांत जी महाराज व उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

समाजसेवी व गोसेवक स्वर्गीय मोहनलाल लाहौरिया की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय गोकथा का समापन गोसंवर्धन, गोसंरक्षण व गोजागरण के संकल्प के साथ हुआ। प्रसिद्ध गोकथा वाचक पूज्य चंद्रकांत जी महाराज ने गोकथा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को प्रण करवाया कि वे गोमाता के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। लाहौरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थापित श्री श्याम मंदिर में गोकथा के दौरान चंद्रकांत जी महाराज ने गोमाता से जुड़े विभिन्न प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। उन्होंने जब यशोदा मैया और श्रीकृष्ण से जुड़ी लीला का वर्णन किया तो सभी दर्शक भावविभोर हो गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे मोहनलाल लाहौरिया का पूरा जीवन प्रेरणादायी रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, लुवास के पूर्व कुलपति डॉ. विनोद वर्मा, डॉ. जगबीर सिंह, सतबीर वर्मा, ईश्वर मालवाल, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, विनोद गुप्ता, शकुंतला राजलीवाला, भूपेंद्र कुमार, पुनीत, सतप्रकाश राजलीवाला, हेमराज, मोहित बंसल, सुरेश गोयल, रेखा ऐरन, विजय गुप्ता, आलोक, विजय, पवन कौशिक, योगेश मित्तल, नवीन जैन, प्यारेलाल लाहौरिया व राजेंद्र लाहौरिया सहित लाहौरिया परिवार के समस्त सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गोमाता की सेवा सबसे बड़ा धर्म

गोकथा वाचक चंद्रकांत महाराज ने कहा कि गोकथा अनंत है और गोमाता भी अनंत है। गाय को समस्त विश्व की माता माना जाता है। उन्होंने कहा कि समुंद्र मंथन से प्रकट हुई पांच गोमाताओं की महिमा अपरम्पार है। उन्होंने कहा कि गोमाता ने पंचगव्य यानी दूध, दही, घी, गोबर व मूत्र मानवमात्र को औषधि के रूप में दिया है। गोमाता को चलता-फिरता औषधालय कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। उन्होंने गोमाता के संवर्धन व संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि हर किसान व हर घर में गोमाता का वास होना चाहिए। गोमाता घर-घर की रौनक बननी चाहिए। चाहे गांव हो या शहर, हर घर में गोमाता का दूध हो, दही व मक्खन हो और गोमाता के पंचगव्य की औषधियां हमारे घर में होनी चाहिएं।

## खबर संक्षेप

### सरकारी कर्मचारी से लाखों की ठगी

**हिसार।** साइबर ठगों ने एक सरकारी कर्मचारी से लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर ली। इस मामले में पुलिस ने आजाद नगर के देव नगर निवासी भान सिंह की शिकायत पर 2.51 लाख रुपये ठगने का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**हिसार।** रोड सेफ्टी माह के दौरान हिसार ट्रैफिक पुलिस आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेंट कबीर और सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। ट्रैफिक एएसआई बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को दुपहिया वाहन चलते समय हेलमेट और गाड़ी में सीटबेल्ट का प्रयोग करने बारे बताया।

### अवैध शराब की 13 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** बास थाना पुलिस ने 13 बोतल अवैध हथकड देशी शराब सहित सिंघवा खास निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बास थाना पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि गांव सिंघवा खास में एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी शराब निकाल रहा है सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को 13 बोतल अवैध देशी शराब सहित काबू किया।

### हाउसिंग बोर्ड से 408 ग्राम अफीम सहित एक काबू

**हिसार।** पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हिसार से एक व्यक्ति को काबू कर 408 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई जगदीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए पर रहने वाले धांन्सू निवासी को पकड़ा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर रविन के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 408 ग्राम अफीम और मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने अफीम व मोबाइल फोन कब्जा में लेकर रविन के खिलाफ शहर थाना मेंकेस दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम व थाना आजाद नगर पुलिस ने आधार अस्पताल के सामने से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी के मामले में एक आरोपी मंडी आदमपुर निवासी अमनदीप को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस संबंध में लाडवा निवासी मंजू ने आजाद नगर थाना में आधार अस्पताल के सामने से स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि वह आधार अस्पताल में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। वह 7 नवंबर 2024 को रोज की तरह अस्पताल में ड्यूटी पर आई थी और स्कूटी अस्पताल के सामने पार्क की। ड्यूटी खत्म होंने पर जब वह वापस आई तो उसे वहां स्कूटी नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उक्त आरोपी अमनदीप को गिरफ्तार कर चोरी की दो इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की है। एचसी जेनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ने 20 नवंबर को आधार अस्पताल के सामने से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी की थी।

## उत्तराखंड में हो रहा 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन

# रग्बी: केरल व बिहार को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा हरियाणा

**क्वाटर फाइनल मुकाबले में बिहार को 29-0 और केरल को 38-0 से दी मात, सेमीफाइनल आज**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। सेमीफाइनल में पहुंची हरियाणा रग्बी टीम के सदस्य।

उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ग्राउंड पर जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों के रग्बी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में गुरुवार को दूसरे दिन भी हरियाणा का जीत का सफर जारी रहा। आज खेले गए दो मैचों में हरियाणा ने केरल और बिहार की टीम को शिकस्त देते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव नरेंद्र सिंह मोर ने बताया कि रग्बी 7एस मुकाबलों में हरियाणा ने केरल को 38-0 से एकतरफा मुकाबले में हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। दिन के दूसरे हॉफ में हरियाणा टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बिहार की टीम को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 29-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। केरल और बिहार की टीमों ने गोल करने के अनेक प्रयास किए लेकिन हरियाणा के खिलाड़ियों ने उनके सभी अटैक को विफल कर दिया। टीम की हौसला अफजाई के लिए हरियाणा ओलिंपिक संघ की तरफ से को-ऑर्डिनेटर और हरियाणा बॉक्सिंग संघ के सचिव हिसार निवासी रविंद्र पान्नू तथा हरियाणा खेल दल के सचिव संदीप पराशर ने मैदान पर पहुंच कर टीम को बधाई दी।





हिसार। कॉलेज स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### अमित और कविता बने बेस्ट एथलीट

**हिसार।** गांव बालसमंद स्थित चौ.भजनलाल राजकीय महाविद्यालय की चौथी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजीवगांधी खेल स्टेडियम बालसमन्द में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पंकज सोलंकी द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के छात्र अमिततथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता बेस्ट एथलीट रहे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन प्रकार की दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद जैसी खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा नशा मुक्त रहने व समाज में नशे के खिलाफ अभियान चलाने की शपथ ली। खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. दुलीचंद पूनिया, सुभाष चंद्र, मनोज कुमार व मीनाक्षी द्वारा किया गया तथा इसमें सुरेंद्र सिंह, संदीपकुमार व बलबीर सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# एसडीएम ऑफिस पर किया प्रदर्शन

■ माकपा ने जनसमस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला





बरवाला। सीपीएम लोकल कमेटी बरवाला एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

सीपीएम लोकल कमेटी बरवाला ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता मियां सिंह बिठमडा. ने की और संचालन रोहतास राजली ने किया। इस धरने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिजली का निजीकरण, स्मार्ट मीटर,अनेक तरह के बिजली चार्ज, फालतू बिजली बिल, स्मार्ट मीटर, फसल एमएसपी की गारंटी, कृषि विपणन राष्ट्रीय प्रारूप का हानिकारक मसौदा, लेबर कोड, संविधान पर हमला, नई शिक्षा नीति, एक देश एक चुनाव और मनरेगा आदि मुद्दों को लेकर पूरे हरियाणा भर में सरकार की जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय आए दिन और ज्यादा संकट में डालने का काम कर रही है। इस अवसर पर मिंया सिंह बिठमडा, रोहतास राजली, सूरजभान सिंधड़,संजय राजली, धर्मवीर, सुरेश कुमार, रोशन लाल ऋषिकेश राजली, सोनू,पृथ्वी बरवाला व दिनेश आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

■ गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के एनएसएस स्वयंसेवकों ने संस्थान व स्टाफ कॉलोनी में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार





हिसार। स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि


गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह अभियान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा व्याख्याता सोनू सिंह और लेफ्टिनेंट एएनओ संदीप ओला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने संस्थान परिसर और स्टाफ कॉलोनी क्षेत्र का दौरा कर छात्रों व निवासियों को नियमित स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की।

### मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में रेड डे का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** शिव कॉलोनी स्थित मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए रेड डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन पर स्कूल में हर ओर लाल रंग की छटा बिखरी रही। लाल गुब्बारों, फूलों और बच्चों की लाल रंग की कलाकृतियों से स्कूल परिसर खूबसूरती से सजा हुआ था। स्कूल के बच्चों ने लाल टेडी, लाल कार, लाल सेब और लाल चेरी जैसी वस्तुओं के साथ खेलते हुए रंगों की पहचान सीखी। शिक्षकों ने उन्हें बताया कि लाल रंग ऊर्जा, उत्साह और प्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका मनीषा जांगड़ा ने कहा कि ऐसी गतिविधीयों से बच्चों का संपूर्ण विकास होता है और बच्चे खेल खेल में रंगों की पहचान करते हैं।

# निशाना बनाए जा रहे राजस्व अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



चंद्रप्रकाश, विधायक।

■ विधायक का सरकार पर मनमारी का आरोप

प्रदेशभर के बहुत से राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भाजपा सरकार द्वारा की जा रही मनमानी कार्रवाई पर विधायक व सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजस्व अधिकारी या अन्य कर्मचारी को बिना पुख्ता सबूत के भ्रष्टाचारी नहीं कहा जा सकता। सरकारी पद पर तैनात यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी ने गैर संवैधानिक कार्य किया है तो उसके खिलाफ निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पहले विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश ने कहा कि सरकार ने बिना किसी विभागीय प्रक्रिया को अपनाए तुगलकी फरमान सुनाते हुए बहुत से पटवारियों को भ्रष्टाचारी साबित कर दिया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह असंवैधानिक है। सरकार जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाना चाहती है। सरकार की मनमानी के खिलाफ प्रदेशभर के बहुत से राजस्व अधिकारी व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।

# सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से रोकें पानी की बर्बादी

■ हकृवि में 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। मुख्यातिथि डॉ. राजबीर गर्ग प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र की ओर से 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 24 किसानों एवं 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गुरुवार को विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग मुख्य अतिथि रहे जबकि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' सिंचाई की सर्वोत्तम एवं आधुनिक विधि है। इस प्रणाली से कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई की जा सकती है। देश के अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई कच्ची नालियों से की जाती है। जिसमें तकरीबन 30 से 40 प्रतिशत पानी रिसाव के कारण बेकार चला जाता है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में पानी की बर्बादी नहीं होती। इस विधि से सिंचाई करने पर 30 से 40 प्रतिशत पानी की बचत होती है।

### सूक्ष्म सिंचाई विधि एक रामबाण तकनीक

डॉ. एसके पाहुजा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में लगभग 200 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से तकरीबन 95 मिलियन हेक्टर भूमि सिंचित है। यह कुल क्षेत्रफल का केवल 48 फीसदी है। ऐसे में 52 फीसदी असिंचित कृषि भूमि में उन्नत कृषि के लिए आवश्यक जल की आपूर्ति कराना भी चुनौतीपूर्ण है। समुचित जल प्रबंधन द्वारा ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। कम पानी से अधिक उत्पादन लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई विधि एक रामबाण तकनीक है। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। विभिन्न 23 विषयों पर व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रिंस ने सभी का धन्यवाद किया।

# गुजवि के छह विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट पर मिली बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिली है। विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान करने वाली कंपनियों में लीप डिजिप्रिंट प्राइवेट लिमिटेड, एल्ड्रोक प्राइवेट लिमिटेड, एंजो कंट्रोल्स, डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड तथा सीयरको शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा इन प्लेसमेंट ड्राइव्स का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने भर्तीकर्ता कंपनियों के प्रति आभार जताया। सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि इन प्लेसमेंट ड्राइव्स में बीटेक प्रिंटिंग के रविंद्र का चयन लीप डिजिप्रिंट प्राइवेट लिमिटेड में, एमबीए की स्नेहा गोयल का एल्ड्रोक प्राइवेट लिमिटेड में, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के हर्ष पांडे का एंजो कंट्रोल्स में, बीटेक प्रिंटिंग के शिवम गुप्ता, बीटेक प्रिंटिंग के उप्पारी आदर्श का डब्ल्यूएनएस ग्लोबल सर्विसेज में तथा एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स के हर्ष शर्मा का सीयरको शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स में चयन किया।

# समाधान शिविर: डीसी ने सुनी समस्याएं

■ कई शिकायतों का मौके पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। उपायुक्त अनीश यादव ने गांव सीसर निवासी रामभजन की 4 नामजद लोगों के खिलाफ रुपये हड़पने व जान से मारने की शिकायत पर एसएचओ बास को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हिसार निवासी खुशीराम की जमीन पर अवैध कब्जे करने वालों पर कार्रवाई करने की शिकायत पर एसएचओ आजाद नगर को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना व संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### अब फसल नुकसान की भरपाई के लिए एक फरवरी तक खुला रहेगा क्षतिपूर्ति पोर्टल: डीसी

**हिसार।** वर्षा या जलभराव के कारण जिन किसानों की फसल खराब हुई है, ऐसे प्रभावित किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर एक फरवरी तक अपने नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कर दें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिन किसानों की फसल बारिश या जलभराव से खराब हुई है उन्हें राहत देने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिले के किसान एक फरवरी तक इस पोर्टल पर अपनी रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं या नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर पोर्टल पर नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोर्टल पर दर्ज नुकसान की रिपोर्ट को सत्यापित करें ताकि किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा उनके बैंक खातों में मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे प्रभावित किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## शिक्षक समय पर पहुंचे व विद्यार्थियों को कक्षाओं में आने को प्रेरित करें

# रेगुलर क्लास नहीं लगाई तो होगी कार्रवाई

■ विद्यार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम के तहत कुलपति ने किया विभागों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। कक्षाओं के दौरे के दौरान विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट कार्य के बारे में जानकारी लेते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सख्त निर्देश दिए हैं कि विश्वविद्यालय में कक्षाएं नियमित रूप से लगनी चाहिएं। शिक्षक समय पर कक्षाओं में पहुंचे तथा विद्यार्थियों को भी कक्षाओं में आने के लिए प्रेरित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई गुरुवार को विद्यार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी, बोटनी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, फिजिक्स, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस, वाणिज्य, भूगोल व विधि विभागों में शिक्षकों व विद्यार्थियों से बात कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों की प्रयोगशालाओं का दौरा भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट कार्य के बारे में भी जानकारी ली। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कक्षाओं से बाहर अन्य स्थलों पर भी विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित विश्वविद्यालय में पढ़ने का मौका मिला है। वे इन सुविधाओं का पूरा फायदा उठाएं।

### शिक्षकों व गैरशिक्षक कर्मियों के बारे में ली जानकारी

उन्होंने विभागों में शिक्षक तथा गैरशिक्षक कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी हासिल की। कक्षाओं व कार्यालयों में न पाए जाने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों को नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से सीधा संवाद और औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।

### रवि भुटानी हिसार शहरी कांग्रेस के संयोजक बने

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया ने हरियाणा में होने वाले निकाय चुनावों के मद्देनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिये संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की है। हिसार शहरी क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि भुटानी को संयोजक नियुक्त किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल व सुभाष वर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि भुटानी ने गुरुवार को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है।

